# MEDI-CAL बीमा सुरक्षा बनाए रखने संबंधी अपेक्षा

## डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थकेयर सर्विसेज़ सम्प्रेषण टूलकिट चरण 2

Medi-Cal

## सिंहावलोकन

मार्च 2020 में, सेंटर्स फॉर मेडिकेयर एंड मेडिकेड सर्विसेज़ [Centers for Medicare & Medicaid Services (CMS)] ने अस्थायी रूप से COVID-19 की वजह से कुछ Medicaid और बच्चों के स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम [Children's Health Insurance Program (CHIP)] की आवश्यकताओं और शर्तों को माफ़ कर दिया था। इन नियमों में ढील देने से Medicaid (कैलिफोर्निया में Medi-Cal) और CHIP वाले लोगों को—सभी 50 राज्यों, कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट और पांचों अमेरिकी इलाकों में—महामारी के दौरान अपना स्वास्थ्य कवरेज (बीमा) रखने में मदद मिली थी। लेकिन, एक नया कानून 31 मार्च, 2023 को Medicaid की निरंतर बीमा सुरक्षा को समाप्त करता है और राज्यों को 1 अप्रैल, 2023 से पात्रता नवीकरण को दोबारा शुरू करना आवश्यक बनाता है।

## सम्प्रेषण की दो-चरणीय प्रक्रिया

DHCS कवरेज एम्बेसडर्स (Coverage Ambassadors) कहे जाने वाले विश्वसनीय साझेदारों का उपयोग करके DHCS कई चैनलों के जरिए संदेशों को लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए दो-चरणीय सम्प्रेषण-व्यवस्था अभियान लागू कर रहा है।

**चरण 1, जागरूकता** – वसंत 2022 में लॉन्च किया गया, लाभार्थियों को अपडेटेड संपर्क जानकारी, जैसे कि नाम, पता, फ़ोन नंबर और ईमेल पता, प्रदान करने के वास्ते प्रोत्साहित करने के लिए, ताकि उनसे अपने Medi-Cal के लाभों को रखने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी के साथ संपर्क किया जा सके। मैसेजिंग "स्वयं का और अपने परिवार का बीमा कवर बरकरार रखें" पर ध्यान केंद्रित करता है।

**चरण 2, नवीकरण** – फरवरी से शुरू होकर, यह चरण लाभार्थियों को संपर्क जानकारी अपडेट करने और व्यक्तिगत परिस्थितियों में आने वाले किसी भी बदलाव की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करना जारी रखेगा। DHCS कवरेज एम्बेसडर्स लाभार्थियों को संपर्क जानकारी अपडेट करने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते Medi-Cal बीमा सुरक्षा बनाए रखने के लिए सम्प्रेषण टूलकिट (Continuous Coverage Communication Toolkit) - चरण 1 से सामग्री का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा, यह लाभार्थियों को डाक द्वारा प्राप्त होने वाले आगामी नवीकरण पैकेटों के लिए अपनी डाक को चेक करते रहने के लिए भी याद दिलाएगा, ये उन लोगों के लिए जारी किए जाएंगे जिनका स्थानीय काउंटी कार्यालय में पहले से उपलब्ध जानकारी का उपयोग करके नवीकृत नहीं किया जा सका। लाभार्थियों को नवीकरण अलर्ट्स के लिए अपने ऑनलाइन अकाउंट्स को चेक करते रहने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। चरण 2 के लिए इस टूलकिट में टेम्पलेट में संदेश नवीकरण के महत्व और तात्कालिकता पर ज़ोर देने के लिए "नवीकरण कराएं या गँवा दें" और "नवीकरण कराने का समय" भाषा सहित विषयों पर केंद्रित है। इस टूलकिट में दिए गए संसाधन DHCS कवरेज एम्बेसडर्स को लाभार्थियों के नवीकरण और उनकी बीमा सुरक्षा में अंतराल (विघ्न) से बचने के लिए सलाह देने हेतु मदद करेंगे।

सम्प्रेषण अभियान का बुनियादी संदेश लाभार्थियों को नाम, वर्तमान पता, ईमेल पता, या फ़ोन नंबर सहित संपर्क जानकारी में किसी भी तरह के बदलाव को रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करना है। लाभार्थी व्यक्तिगत रूप से, फ़ोन पर, डाक द्वारा, या ऑनलाइन संपर्क जानकारी को अपडेट कर सकते हैं, यदि इसमें कोई बदलाव हुआ है।

## DHCS कवरेज एम्बेसडर्स

आज ही DHCS कवरेज एम्बेसडर बनने के लिए साइन अप करें।

Medi-Cal लाभार्थियों को अपनी काउंटियों के साथ अपनी संपर्क जानकारी, यदि बदल गई है, तो उसे अपडेट करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए, Medi-Cal बीमा सुरक्ष बनाए रखने हेतु सम्प्रेषण टूलकिट और वेबपेज, DHCS कवरेज एम्बेसडर्स को पुश सम्प्रेषण को अनुकूलित करने में मदद के लिए उपलब्ध हैं। यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि उन्हें अपने Medi-Cal बीमा सुरक्षा को रखने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो।

जैसा आगे सम्प्रेषण साधनों की आवश्यकता होती है, अपडेट की गई टूलकिट्स जैसे ही वे उपलब्ध होती हैं उन्हें DHCS वेबसाइट पर पोस्ट कर दिया जाएगा और DHCS कवरेज एम्बेसडर्स को वितरित की जाएंगी।

## महत्वपूर्ण संदेश

DHCS कवरेज एम्बेसडर्स को लाभार्थियों को अपने Medi-Cal बीमा सुरक्षा का नवीकरण करने के लिए तैयार रहने के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। संदेश सरल, सीधे, और जानकारीपूर्ण होने चाहिए:

### जागरूकता

- **अपने अकाउंट में लॉग इन करें** – सुनिश्चित करें कि Medi-Cal के पास आपकी नवीनतम जानकारी है। अधिक जानने और ईमेल तथा टेक्स्ट मैसेज अलर्ट्स के लिए साइन अप करने हेतु KeepMediCalCoverage.org पर जाएँ।

  **अथवा**

- **अपनी संपर्क जानकारी अपडेट करें** – सुनिश्चित करें कि काउंटियों के पास आपका वर्तमान नाम, डाक पता, फ़ोन नंबर, ईमेल पता, या अन्य संपर्क जानकारी है, यदि यह बदल गई है। इस तरीके से, काउंटीज़ आपके Medi-Cal के बारे में आपसे संपर्क कर सकती हैं।

### नवीकरण

- **अपना ऑनलाइन अकाउंट बनाएं या चेक करें** – अलर्ट्स के लिए अपने Covered California, BenefitsCal, या MyBenefitsCalWIN अकाउंट बनाएं या चेक करें। आप नवीकरण या अनुरोध की गई जानकारी ऑनलाइन सबमिट करने में सक्षम हो सकते हैं।
- **अपना नवीकरण फ़ॉर्म पूरा करें (यदि आपको फ़ॉर्म मिलता है)** – यदि आपको डाक में नवीकरण फ़ॉर्म प्राप्त हुआ है, तो आप अपने Medi-Cal बीमा सुरक्षा में अंतराल से बचने में मदद करने के लिए डाक, फ़ोन, व्यक्तिगत रूप से या ऑनलाइन द्वारा अपनी जानकारी सबमिट कर सकते हैं।

## आउटरीच तरीके (लाभार्थियों तक पहुँचने के तरीके)

निम्नलिखित खंड उपलब्ध आउटरीच सामग्रियों की एक सूची है:

## कॉल स्क्रिप्ट

» कॉल सेंटर स्टाफ़ के साथ साझा किए गए स्क्रिप्टेड संदेश

## ईमेल

» लाभार्थियों को सीधे ईमेल

## फ्लायर/इंसर्ट स्निपेट

» लाभार्थियों को सीधे डाक

» एम्बेसडर स्थानों पर साझा करें, जिसमें शामिल हो सकते हैं:

- सामुदायिक केंद्र
- महिलाएं, नवजात शिशु, एवं बच्चे (WIC) और CalFresh कार्यालय
- अस्पताल, क्लीनिक, फार्मेसिज़, या अन्य स्वास्थ्य देखभाल स्थान
- स्कूल नर्स कार्यालय
- स्कूल स्वास्थ्य केंद्र
- स्थानीय काउंटी कार्यालय
- Medi-Cal लाभार्थियों तक पहुंचने का कोई अन्य स्थान

## इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पांस

» कॉल सेंटर स्टाफ़ के साथ साझा किए गए स्क्रिप्टेड संदेश

## ऑनलाइन पोर्टल के बारे में मैसेजिंग

» वेबसाइटों पर साझा करें

» लाभार्थियों को सीधे ईमेल

## सप्लीमेंटल सिक्योरिटी इनकम (SSI) लाभार्थियों के लिए मैसेजिंग

» स्थानीय काउंटी कार्यालय वेबसाइट्स पर साझा करें

» प्रोग्राम वेबसाइट्स

## सोशल मीडिया

» Twitter

» Facebook

» Instagram

» LinkedIn

## टेक्स्ट मैसेजेज़

» लाभार्थियों को सीधे टेक्स्ट मैसेजेज़

## काउंटी कार्यालय पेज के लिए वेबसाइट टेक्स्ट

» स्थानीय काउंटी कार्यालय वेबसाइट्स पर साझा करें

## टूलकिट सामग्री
## कॉल स्क्रिप्ट स्निपेट्स

| लाभार्थी कॉलर | काउंटी/प्रबंधित देखभाल प्लान/ सामुदायिक भागीदार/एजेंट |
|---|---|
| क्या मुझे Medi-Cal नवीकरण पूरा करने की ज़रूरत है? | आपको शीघ्र ही यह पता लगाने के लिए कदम उठाने की ज़रूरत हो सकती है कि क्या आप अभी भी Medi-Cal के लिए योग्य हैं। काउंटियाँ आपको अपनी Medi-Cal पात्रता के बारे में एक पत्र डाक से भेजेंगी। आपको एक नवीकरण फ़ॉर्म पूरा करने की ज़रूरत हो सकती है। सुनिश्चित करें कि आपकी वर्तमान संपर्क जानकारी आपके स्थानीय काउंटी कार्यालय में अपडेट की गई है, यदि यह बदल गई है। स्थानीय काउंटी कार्यालय केवल आपसे अधिक जानकारी तब मांगेगा जब उन्हें आपके Medi-Cal को नवीकरण करने के लिए उसकी ज़रूरत होगी। यदि आपको नवीकरण पैकेट या अधिक जानकारी मांगने वाला पत्र प्राप्त होता है, तो आप डाक, फ़ोन, व्यक्तिगत रूप से, या ऑनलाइन जानकारी सबमिट कर सकते हैं। |
| मुझे कब अपने Medi-Cal नवीकरण पैकेट को भरने और उसे वापस करने की ज़रूरत है? | आपको डाक से एक पत्र मिलेगा। यह पत्र आपको बताएगा यदि आपका Medi-Cal बीमा सुरक्षा स्वचालित रूप से नवीकरण किया गया है या यदि आपकी काउंटी को आपके Medi-Cal को नवीकरण करने के लिए अधिक जानकारी की ज़रूरत है। यदि आपको नवीकरण पैकेट या अधिक जानकारी मांगने वाला पत्र प्राप्त होता है, तो आप डाक, फ़ोन, व्यक्तिगत रूप से, या ऑनलाइन जानकारी सबमिट कर सकते हैं। यदि आपको नवीकरण पैकेट पूरा करने की ज़रूरत नहीं है, तो आपकी काउंटी आपको बताएगी।<br><br>आपकी काउंटी से पत्र उसी समय के आसपास आएगा जब आपको पिछले वर्षों में इसी तरह के पत्र मिले थे। उदाहरण के लिए, यदि आपका Medi-Cal नवीकरण पिछले वर्षों में अप्रैल में होता था, तो आपको अप्रैल से दो महीने पहले अपनी काउंटी से ऐसे पत्र के लिए डाक की प्रतीक्षा करनी चाहिए। |

| | |
|---|---|
| मैं अपने Medi-Cal नवीकरण की तैयारी के लिए क्या कर सकता/सकती हूं? | यदि आपने हाल ही में रहने का स्थान बदला है, या यदि आपकी कोई संपर्क जानकारी, जैसे आपका फ़ोन नंबर या ईमेल पता बदल गया है, तो यह सुनिश्चित करने के लिए अपने स्थानीय काउंटी कार्यालय में अपने परिवर्तनों की रिपोर्ट करें ताकि आपको अपने Medi-Cal बीमा सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सके। यदि आपको नई नौकरी मिली है या आपकी आय बदल गई है, तो सत्यापन प्रदान करने के लिए तैयार रहें।<br><br>अपनी डाक को चेक करें – काउंटी आपको आपके Medi-Cal पात्रता के बारे में एक पत्र डाक से भेजेगी। आपको एक नवीकरण फ़ॉर्म पूरा करने की ज़रूरत हो सकती है। यदि आपको नवीकरण फ़ॉर्म भेजा जाता है, तो अपनी जानकारी डाक, फ़ोन, व्यक्तिगत रूप से, या ऑनलाइन सबमिट करें, ताकि आप अपनी बीमा सुरक्षा न खोएं।<br><br>अपना ऑनलाइन अकाउंट बनाएं या चेक करें – Covered California, BenefitsCal, या MyBenefitsCalWIN अलर्ट्स के लिए। आप नवीकरण या अनुरोध की गई जानकारी ऑनलाइन सबमिट कर सकते हैं। |
| यदि मेरे पास SSI है, तो मैं किसी परिवर्तन की रिपोर्ट कैसे करूँ? | यदि आपको SSI प्राप्त होती है, आपके पास अमेरिकी डाक पता नहीं है, और आप अपना पता ऑनलाइन बदल नहीं पाते हैं, तो आप अपने परिवर्तन की रिपोर्ट निम्नलिखित द्वारा कर सकते हैं:<br><br>» 1(800) 772-1213 (TTY 1(800) 325-0778) पर, सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक कॉल करके।<br><br>» उनके ऑनलाइन लोकेटर के माध्यम से स्थानीय सोशल सिक्योरिटी कार्यालय से संपर्क करके।<br><br>यदि आपको SSI प्राप्त होती है, तो सोशल सिक्योरिटी आपके Medi-Cal नवीकरण की प्रक्रिया करेगी। यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो 1 (800) 772-1213 पर कॉल करें, या अपने स्थानीय सोशल सिक्योरिटी कार्यालय से संपर्क करें। |

| | |
|---|---|
| | |
| क्या होगा यदि मैं अब Medi-Cal के लिए पात्र नहीं हूँ? | यदि आप अब Medi-Cal के लिए पात्र नहीं हैं, तो आप Covered California के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं। Medi-Cal गंवाने पर आप खुली नामांकन अवधि के बाहर Covered California योजना में नामांकन कर सकते हैं। स्थानीय काउंटी कार्यालय आपको साइन अप करने के तरीके के बारे में जानकारी भेजेगा। |

## ईमेल

**विषय पंक्ति:** आपका नवीकरण पत्र आ रहा है। इसे लेने से न चूकें!

**प्रीव्यू टेक्स्ट:** सुनिश्चित करें कि आपका पता और संपर्क जानकारी **[Customize local county office name]** के साथ अप टू डेट है, यदि यह बदल गई है, तो आपको डाक से अपना Medi-Cal नवीकरण पत्र प्राप्त होगा।

क्या आपके पास या परिवार के किसी सदस्य के पास वर्तमान में Medi-Cal के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा है? यदि ऐसा है, तो यहां आपको वह जानने की ज़रूरत है ताकि आप अपने Medi-Cal को बनाए रख सकें।

**[Customize local county office name]** से डाक में एक Medi-Cal नवीकरण पत्र के लिए प्रतीक्षा करते रहें। सुनिश्चित करें कि आपका नाम, पता, ईमेल पता और फ़ोन नंबर **[Customize local county office name]** के साथ अप टू डेट हैं। आप अपनी काउंटी को डाक, फ़ोन, व्यक्तिगत रूप से, या ऑनलाइन अपनी जानकारी दे सकते हैं।

यदि आपके पास Medi-Cal है, तो आपका स्थानीय काउंटी कार्यालय आपके Medi-Cal का नवीकरण करने की कोशिश करेगा। वे उनके पास मौजूद जानकारी का उपयोग करेंगे। स्थानीय काउंटी कार्यालय केवल आपसे अधिक जानकारी तब मांगेगा जब उन्हें आपके Medi-Cal को नवीकरण करने के लिए उसकी ज़रूरत होगी। यदि आपको नवीकरण पैकेट या अधिक जानकारी मांगने वाला पत्र प्राप्त होता है, तो आप डाक, फ़ोन, व्यक्तिगत रूप से, या ऑनलाइन जानकारी सबमिट कर सकते हैं।

यदि आपकी जानकारी बदल गई है, तो आप इसे ऑनलाइन **[Customizable link mybenefitscalwin.org or benefitscal.com]**, या **[customize local county office number]** पर कॉल करके अपडेट कर सकते हैं।

**याद रखें: अपना पता अपडेट करें, अगर वह बदल गया है। हम नहीं चाहते कि आप इस महत्वपूर्ण डाक को लेने से चूकें ताकि आप अपना Medi-Cal बनाए रख सकें।**

भवदीय,
**[Customize organization or local county office name]**

## फ्लायर

# अपने आप को और अपने परिवार को बीमा सुरक्षा से सुरक्षित रखें।



Medi-Cal

## सुनिश्चित करें कि आपकी जानकारी अप टू डेट है।

Medi-Cal आपके और आपके परिवार के लिए डॉक्टर के यहाँ विज़िट्स, नुस्खे, टीकाकरण, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तथा और भी बहुत कुछ सहित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को कवर करता है। इसलिए, यदि आपके पास Medi-Cal है, तो सुनिश्चित करें कि आप समय आने पर इसका नवीकरण कराएँ।

**अपनी संपर्क जानकारी अपडेट करें**
अपने नाम, पते, फ़ोन नंबर और ईमेल पते में किसी भी नए परिवर्तन की रिपोर्ट करें, ताकि आपकी काउंटी आपसे संपर्क कर सके।

**अपनी डाक को चेक करते रहें**
काउंटी आपको आपके Medi-Cal पात्रता के बारे में एक पत्र डाक से भेजेगी। आपको एक नवीकरण फ़ॉर्म पूरा करने की ज़रूरत हो सकती है। यदि आपको नवीकरण फ़ॉर्म भेजा जाता है, तो अपनी जानकारी डाक, फ़ोन, व्यक्तिगत रुप से या ऑनलाइन सबमिट करें, ताकि आप अपनी बीमा-सुरक्षा लाभों को न गँवा पाएँ।

**अपना ऑनलाइन अकाउंट बनाएँ या चेक करें**
आप अपने केस के बारे में अलर्ट्स प्राप्त करने के लिए साइन अप कर सकते हैं। इन अलर्ट्स को प्राप्त करने के लिए अपना अकाउंट बनाएँ या लॉग इन करें। आप नवीकरण या अनुरोध की गई जानकारी ऑनलाइन सबमिट कर सकते हैं।

**अपना नवीकरण फ़ॉर्म पूरा करें (यदि आपको फ़ॉर्म मिलता है)**
यदि आपको नवीकरण फ़ॉर्म प्राप्त हुआ है, तो अपनी बीमा सुरक्षा में अंतराल (विघ्न) से बचने में मदद करने के लिए डाक, फ़ोन, व्यक्तिगत रुप से या ऑनलाइन जाकर अपनी जानकारी सबमिट करें।

**अधिक ब्योरे के लिए तथा अपनी संपर्क जानकारी को अपडेट करने के तरीके के बारे में जानने के लिए, KeepMediCalCoverage.org पर जाएँ**

## पोस्टर

# Medi-Cal लाभार्थी:

# अपने Medi-Cal को बनाए रखने के लिए कदम उठाएँ

आपका स्थानीय काउंटी कार्यालय आपको आपकी Medi-Cal बीमा सुरक्षा के बारे में एक पत्र डाक से भेजेगा।

**यह पत्र आपको बताएगा यदि:**

आपके Medi-Cal का नवीकरण करने के लिए आपकी काउंटी को आपसे जानकारी की आवश्यकता है

**अथवा**

आपके Medi-Cal का स्वचालित रूप से नवीकृत किया गया था

**यदि आपको नवीकरण फ़ॉर्म मिलता है, तो कृपया इसे भरें और इसे तुरंत वापस कर दें।**

चेक करें कि आपके स्थानीय काउंटी कार्यालय में आपका नाम, वर्तमान पता, ईमेल पता, और फ़ोन नंबर सहित आपकी जानकारी अपडेट है।

अधिक ब्योरे के लिए तथा अपनी संपर्क जानकारी को अपडेट करने के तरीके के बारे में जानने के लिए, KeepMediCalCoverage.org पर जाएँ

Medi-Cal

## IVR कॉल स्क्रिप्ट

» आपके Medi-Cal बीमा सुरक्षा का नवीकरण करने का समय लगभग आ गया है। आपको अपना बीमा सुरक्षा बनाए रखने के लिए कदम उठाने की ज़रूरत हो सकती है। यदि आपका वर्तमान पता, ईमेल पता या फ़ोन नंबर बदल गया है, तो कृपया अपनी जानकारी को अपने स्थानीय काउंटी कार्यालय के साथ अपडेट करवाएँ। अपनी Medi-Cal बीमा सुरक्षा के बारे में एक पत्र के लिए अपनी डाक को चेक करें।

» आपके Medi-Cal बीमा सुरक्षा का नवीकरण करने का समय लगभग आ गया है। आपको अपना बीमा सुरक्षा बनाए रखने के लिए कदम उठाने की ज़रूरत हो सकती है। कृपया अपने स्थानीय काउंटी कार्यालय से जानकारी के लिए सभी अनुरोधों का जल्द से जल्द जवाब दें।

» आपके Medi-Cal बीमा सुरक्षा का नवीकरण करने का समय लगभग आ गया है। यदि आपको नवीकरण पैकेट या अधिक जानकारी मांगने वाला पत्र प्राप्त होता है, तो आप डाक, फ़ोन, व्यक्तिगत रूप से, या ऑनलाइन जानकारी जमा कर सकते हैं।

## ऑनलाइन पोर्टल के बारे में मैसेजिंग

व्यक्ति-विशेष अपनी संपर्क जानकारी अपडेट कर सकते हैं या अपने नवीकरण को ऑनलाइन पूरा कर सकते हैं।

» Covered California

- आप Covered California पोर्टल पर अपनी जानकारी अपडेट कर सकते हैं। Covered California पूरे राज्य में उपलब्ध है। अपने ऑनलाइन अकाउंट तक पहुंचने के तरीकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए Covered California पर जाएं या (800) 300-1506 पर सेवा केंद्र को कॉल करें।

» BenefitsCal

- आप BenefitsCal पोर्टल पर अपनी जानकारी अपडेट कर सकते हैं। BenefitsCal 2023 में राज्यव्यापी चरणबद्ध रूप से उपलब्ध होगा। अपने ऑनलाइन अकाउंट तक पहुँचने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी के लिए BenefitsCal पर जाएँ।

» My Benefits CalWIN

- आप My Benefits CalWIN पोर्टल पर अपनी जानकारी अपडेट कर सकते हैं। My Benefits CalWIN कुछ काउंटियों में उपलब्ध है। अपने ऑनलाइन अकाउंट तक पहुँचने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी के लिए My Benefits CalWIN पर जाएँ।

## सप्लीमेंटल सिक्योरिटी इनकम लाभार्थियों के लिए मैसेजिंग

जिन व्यक्तियों के पास सप्लीमेंटल सिक्योरिटी इनकम (SSI) है, उन्हें सोशल सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन के माध्यम से Medi-Cal मिलता है।

**नीचे दिए गए कथन का उपयोग SSI प्राप्त करने वाले Medi-Cal लाभार्थियों तक पहुँचने के लिए किया जा सकता है:**

- यदि आपको SSI मिलती है, तो 1 (800) 772-1213 पर कॉल करके अपना पता बदलने की रिपोर्ट करें, या अपने स्थानीय सोशल सिक्योरिटी कार्यालय से संपर्क करें।
- यदि आपको SSI प्राप्त होती है, तो सोशल सिक्योरिटी आपके Medi-Cal नवीकरण की प्रक्रिया करेगी। यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो 1 (800) 772-1213 पर कॉल करें, या अपने स्थानीय सोशल सिक्योरिटी कार्यालय से संपर्क करें।

## सोशल मीडिया

आप व्यक्तिगत रूप से, फ़ोन, डाक या ऑनलाइन द्वारा अपनी जानकारी में किसी भी बदलाव की रिपोर्ट कर सकते हैं।

अपने आप को और अपने परिवार को बीमा सुरक्षा से सुरक्षित रखें। यह सुनिश्चित करने के लिए अपने अकाउंट में लॉग इन करें कि Medi-Cal के पास आपका वर्तमान पता, ईमेल पता और फ़ोन नंबर मौजूद है। अधिक जानकारी के लिए या ईमेल और टेक्स्ट संदेश अलर्ट्स के लिए साइन अप करने के लिए, **KeepMediCalCoverage.org** पर जाएँ।




आपके Medi-Cal बीमा सुरक्षा का नवीकरण करने का समय लगभग आ गया है। यदि आपको डाक से नवीकरण फ़ॉर्म प्राप्त होता है, तो आपकी काउंटी को अधिक जानकारी की आवश्यकता है। इसे भरें और अपने आपको और अपने परिवार को बीमा से सुरक्षित रखने के लिए इसे तुरंत वापस कर दें। अधिक जानने और ईमेल तथा टेक्स्ट मैसेज अलर्ट्स के लिए साइन अप करने हेतु **KeepMediCalCoverage.org** पर जाएँ।



## टेक्स्ट मैसेजेज़

आप व्यक्तिगत रूप से, फ़ोन, डाक या ऑनलाइन जानकारी की रिपोर्ट कर सकते हैं।

» अपना Medi-Cal नवीकरण पत्र प्राप्त करने के लिए, सुनिश्चित करें कि आपने अपनी संपर्क जानकारी अपडेट की है यदि यह हाल ही में बदल गई है। आप व्यक्तिगत रूप से, फ़ोन, डाक या ऑनलाइन जानकारी की रिपोर्ट कर सकते हैं: **[Customizable Link]**

» अपने Medi-Cal नवीकरण पत्र को प्राप्त करने से न चूकें। अपनी संपर्क जानकारी को व्यक्तिगत रूप से, फ़ोन, डाक या ऑनलाइन अपडेट करें, यदि यह बदल गई है: **[Customizable Link]**

» अपने Medi-Cal को रखने के लिए कदम उठाएँ। सुनिश्चित करें कि आपका पता अप टू डेट है ताकि आपको अपना नवीकरण पत्र मिल सके। यदि आपकी जानकारी बदल गई है, तो आप इसे व्यक्तिगत रूप से, फ़ोन, डाक या ऑनलाइन अपडेट कर सकते हैं: **[Customizable Link]**

» Medi-Cal नवीकरण जल्द ही आ रहे हैं। सुनिश्चित करें कि आपका पता अप टू डेट है। यदि आपकी जानकारी बदल गई है, तो आप इसे व्यक्तिगत रूप से, फ़ोन, डाक या ऑनलाइन अपडेट कर सकते हैं: **[Customizable Link]**

» क्या आपको Medi-Cal नवीकरण पैकेट मिला है? इसे भरें और जितनी जल्दी हो सके इसे व्यक्तिगत रूप से, फ़ोन, डाक या ऑनलाइन अपनी काउंटी को वापस करें। **[Customizable Link]**

## काउंटी कार्यालय पेज के लिए वेबसाइट टेक्स्ट

आप व्यक्तिगत रूप से, फ़ोन, डाक या ऑनलाइन जानकारी की रिपोर्ट कर सकते हैं।

आपके Medi-Cal बीमा सुरक्षा का नवीकरण करने का समय लगभग आ गया है। आपको डाक से एक पत्र मिलेगा जो आपको बताएगा यदि आपका Medi-Cal काउंटी द्वारा स्वचालित रूप से नवीकृत किया गया है या यदि आपकी काउंटी को अधिक जानकारी देने की आवश्यकता है। यदि आपको अधिक जानकारी के लिए एक नवीकरण पैकेट या नोटिस प्राप्त होता है, तो आप डाक, फ़ोन, व्यक्तिगत रूप से, या ऑनलाइन जानकारी सबमिट कर सकते हैं।

यदि आपकी संपर्क जानकारी बदल गई है, तो कृपया संपर्क करके आज ही अपनी जानकारी अपडेट करें: **[phone number, SAWS portal, or county link to directory]**। यह आपको अपनी Medi-Cal बीमा सुरक्षा को बनाए रखने में मदद कर सकता है।